In the News

Publication: **Yashobhumi** | Region: - **Pune** | Date: **30/10/2018** | Page No.: **- 09**

रिलायंस निप्पन लाइफ इंश्योरेंस की प्रीमियम आय ८% बढ़ी

नयी दिल्ली, रिलायंस निप्पन लाइफ इंश्योरेंस कंपनी की कुल प्रीमियम आय जुलाई-सितंबर तिमाही में पिछले साल की इसी अवधि की तुलना में ८ प्रतिशत बढ़कर 1,042 करोड़ रुपये रही। कंपनी ने सोमवार को एक बयान में यह जानकारी दी। निजी क्षेत्र की जीवन बीमा कंपनी के अनुसार इस साल 30 सितंबर की स्थिति के अनुसार उसकी प्रबंधन अधीन परिसंपत्तियां 19,612 करोड़ रुपये रही जो पिछले साल की इसी अवधि के मुकाबले 9 प्रतिशत अधिक है।